First Term Syllabus

Practical/Experiment No. ............ Date

Experiment STD: 6th Sub: Hindi

पाठ : 5 स्वामी की दादी
पाठ : 6 इतने ऊँचे उठो
पाठ : 9 आकाश में अकेले

व्याकरण :
पाठ : 15 सर्वनाम
पाठ : 4 उपसर्ग की परिभाषा व उपसर्ग शब्द निर्माण 1-10 पेज़ 22
पाठ : 9 अनेक शब्दों के लिए एक शब्द 1-10
पाठ 28 मुहावरे 1-15

निबंध : समय का सदुपयोग
विद्यालय का वार्षिक उत्सव
अपठित गद्यांश

पत्र : विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र लेने के लिए प्रार्थना पत्र।
बीमारी के लिए अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र।

Khanna



Scanned with CamScanner

# पाठ 5. "स्वामी की दादी" (1)

शब्द अर्थ
पाई = पुराने समय का सिक्का
पाबंदी = रोक लगाना
अंतरात्मा = मन की आवाज़
कृतघ्न = उपकार को न मानने वाला
कोसना = बुरा-भला कहना
रसोइया = खाना बनाने वाला
झिड़क देनी = डाँट देनी
एक दर्जन = बारह
अज्ञानता = जानकारी न होना
पश्चाताप = पछतावा
बेवकूफ = मूर्ख
आश्चर्यचकित = हैरान
महत्वपूर्ण = खास
जहान = संसार

## SHORT ANS. लघु उत्तरीय प्रश्न

प्र.1 स्वामी दादी के पास बैठना क्यों नहीं चाहता था?
उत्तर इसलिए नहीं बैठना चाहता था क्योंकि वह क्रिकेट खेलने जाना चाहता था।

प्र.2 दादी नींबू क्यों मँगवाना चाहती थी?
उत्तर क्योंकि दादी के पेट में बड़े जोर से दर्द हो रहा था।

प्र.3 शांत लेटी हुई दादी को देखकर स्वामी ने क्या सोचा?
उत्तर शांत लेटी दादी को देखकर स्वामी ने सोचा कि शायद दादी पेट दर्द के मारे मर गई है।

प्र.4 स्वामी अपनी दादी की किस नासमझी पर हक्का-बक्का रह गया?
उत्तर स्वामी अपनी दादी की क्रिकेट के बारे में ना जानने की नासमझी पर हक्का-बक्का रह गया।



Scanned with CamScanner

5. कारण लिखिए ऐसा क्यों हुआ —

क) स्वामी ने दादी को पैसे लौटा दिए।
⇒ क्योंकि वह समय की पाबंदी की बात सुनकर चिढ़ गया था।

ख) दादी ने पूछा — "टेट क्या होता है?"
⇒ दादी टेट नाम के खिलाड़ी के बारे में कुछ नहीं जानती थी।

ग) दादी ने स्वामी की ओर प्यार से देखा।
⇒ क्योंकि वह कितनी तरह की बातें दादी को बता रहा था।

LONG ANS. दीर्घ उत्तरीय

प्र1- स्वामी कॉफी खत्म करके दादी के पास क्यों गया?
उत्तर: स्वामी को लगा कि बेचारी दादी एक जगह बैठी दूसरों को आवाज़ देती रहती हैं। लोग उसकी बात पर ध्यान नहीं देते। उसका दिल पसीज गया। कॉफी खत्म करके वह दादी के पास गया।

प्र2- दादी ने स्वामी को छह पाई देकर क्या कहा?
उत्तर "मैं तुम्हें छह पाई देती हूँ। इनमें से तीन तुम्हारे लिए हैं। बची हुई तीन से मेरे लिए नींबू ले आना।

प्र3- घर लौटते समय स्वामी अपने आप को पत्थर दिल क्यों समझ रहा था?

उत्तर उसे लगा दादी दर्द से तड़प रही होगी। अब वह अपने को अपराधी मान रहा था। उसे दादी का करुण चेहरा याद आया तो उसने अपने आप को कृतघ्न और पत्थर दिल कहकर कोसने लगा।

प्र4- स्वामी ने दादी को अपनी टीम के बारे में क्या जानकारी दी?
उत्तर: कि राजन ने हमारी टीम पर सैंकड़ों रुपए खर्च किए हैं। बैट-बॉल खरीदना सभी के बस की बात नहीं है। उसके पास बहुत सारे रुपए हैं, उसने यह भी बताया कि हमारी टीम की जानकारी सरकार को भी है।



Scanned with CamScanner

प्र॰ कहानी के आधार पर एक ऐसी घटना लिखिए जिससे पता चलता है कि स्वामी अपनी दादी से बहुत प्यार करता था?

उत्तर दादी को नींबू मिला या नहीं, इस बारे में वह बहुत परेशान था और जानना भी चाहता था। जब तक दादी ने उसके सवाल का जवाब नहीं दिया तब तक स्वामी को लगता रहा कि दादी उसे झिड़क देगी वह कुछ भी कह सकती है कि आगे से उसके साथ संबंध नहीं रखेगी।

Pg. 41

## भाषा ज्ञान

1. वर्ण-संयोग

क) खटम  ख) राजनीति  ग) मशहूर
घ) चौराहा  ङ) मैदान

2. द्वित्व व्यंजनों से तीन-तीन शब्द बनाइए।

क्क — पक्का  धक्का  मक्का
च्च — सच्चा  कच्चा  बच्चा
ल्ल — बिल्ली  खिल्ली  हल्ला

3. रिक्त-स्थान

क) पाठ पढ़ाया  ख) दिल पसीज गया  ग) हक्की बक्की
घ) पत्थर दिल  ङ) मन का बोझ उतर गया

4. 'कि' अथवा 'और'

क) और  ख) कि  ग) और  घ) और  ङ) कि  च) कि

Pg. 42

5 क्रियाएँ बदलिए।

क) वर्तमान; स्वामी क्रिकेट के मैदान की ओर जाता है।
भविष्य; स्वामी क्रिकेट के मैदान की ओर जाएगा।

ख) वर्तमान; कॉफी खटम करके वह दादी के पास जाता है।
भविष्य; कॉफी खटम करके वह दादी के पास जाएगा।



Scanned with CamScanner

ग) वर्तमान: दादी स्वामी को छह पाई देती है।
भविष्य; दादी स्वामी को छह पाई देगी।

घ) वर्तमान: वह अपने आप को अपराधी मानता है।
भविष्य: वह अपने आप को अपराधी मानेगा।

## पाठ 6 'इतने ऊँचे उठो'

| शब्द | | अर्थ |
|---|---|---|
| गगन | = | आसमान |
| दृष्टि | = | नज़र |
| सिंचित | = | पानी देना |
| धरा | = | धरती |
| समता | = | समानता |
| वृष्टि | = | बरसात |
| द्वेष | = | विरोध |
| ज्वाला | = | आग की लपटें |
| जग | = | संसार |
| मलय | = | चंदन |
| तूलिका | = | ब्रुश |
| राग | = | संगीत के स्वरों को एक खास तरह से गाना |
| नूतन | = | नया |
| मौलिक | = | नया |
| सृजन | = | निर्माण |
| अतीत | = | बीता हुआ समय |
| पोषक | = | पोषण करने वाला |
| जीर्ण-शीर्ण | = | टूटा-फूटा |
| द्योतक | = | जानकारी देने वाला |
| चिरंतन | = | हमेशा से चला आ रहा |
| शाश्वत | = | सदा रहने वाला |
| प्रवाह | = | बहाव |
| प्रतिपल | = | हर समय |
| कुरूप | = | भद्दा, बदसूरत |



Scanned with CamScanner

## पाठ 6

### SHORT ANS. लघु उत्तरीय प्रश्न

प्र1- कवि ने ज्वालाओं को शांत करने का क्या उपाय बताया है ?
उत्तर कि हम चंदन की हवा के समान शीतल बन जाए।

प्र2 कवि ने जीर्ण - शीर्ण के मोह को कैसा कहा है ?
उत्तर कवि ने जीर्ण - शीर्ण का मोह हमें मृत्यु की तरफ ले जाने वाला कहा है।

प्र- कवि कुरूप को कैसा रूप देना चाहता है ?
उ: कवि कुरूप को सुंदर रूप देना चाहता है।

### LONG ANS. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्र1 कवि ने संसार को किन ज्वालाओं से जलता हुआ बताया है ?
उत्तर: कवि ने संसार को जाति भेद, धर्म वेश की, काले-गोरे रंग की ज्वालाओं से जलता हुआ बताया है।

प्र2 कवि हमें नव निर्माण के युग में क्या-क्या करने के लिए कह रहा है ?
उत्तर: कवि नए निर्माण के युग में किसी भी तरह के भेद भाव को छोड़कर, समानता का भाव रखने, अतीत से हमें उतना ही ग्रहण करना है जितना आगे बढ़ने के लिए जरूरी है।

प्र3 कवि इस धरती को कैसा बनाना चाहता है ?
उत्तर: कवि पुरानी टूटी-फूटी परम्पराओं का त्याग कर नवीनता का संचार करके धरती को स्वर्ग बनाना चाहता है।

प्र4 क) अतीत से कितना लेने के लिए कहा गया है ?
उत्तर: जितना जरूरी है उतना ही लेने के लिए कहा गया है।

ख) जीवन का चिरंतन सत्य क्या है ?
उत्तर: जीवन का चिरंतन सत्य गति ही है।



Scanned with CamScanner

6

7) कवि ने परिवर्तन से क्या शिक्षा लेने के लिए कहा है?

उत्तर: कि परिवर्तन होने से ही हम पुरानी बातों को छोड़कर ही आगे बढ़ सकते हैं।

MCq बहुविकल्पी प्रश्न Pg. 46

1) नए हाथ से 2. हमारे साथ

भाषा ज्ञान

1) वृक्ष सृजन मृतक कृपा

2. विलोम शब्द

धर्म = अधर्म
नरक = स्वर्ग
वर्तमान = अतीत
मृत्यु — जन्म
शीतल — उष्ण
नूतन — पुरातन

3 'प्रति' लगाकर नए शब्द बनाइए।

प्रति + दिन = प्रतिदिन
प्रति + व्यक्ति = प्रतिव्यक्ति
प्रति + क्षण = प्रतिक्षण
प्रति + एक = प्रत्येक

4.

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| आकाश | गगन | नभ | अंबर | [x] विस्तार |
| पृथ्वी | धरा | [x] मैदान | अचला | वसुधा |
| चाँद | शशि | इंदु | [x] निशि | चंद्रमा |
| सूरज | भानु | [x] प्रकाश | दिनकर | सूर्य |



Scanned with CamScanner

# पाठ 9 आकाश में अकेले

## SHORT ANS. लघु उत्तरीय प्रश्न

1 प्रश्न शत्रु के विमानों का क्या ध्येय था?
उत्तर: कि हमारे देश के विमानों का खड़ी हालत में नाश करना।

2 प्रश्न फ्लाइंग ऑफिसर सेखों का कौन सा काम जोखिम भरा था?
उत्तर: दुश्मन के छह आधुनिक विमानों का अकेले ही पुराने विमान में बैठकर मुकाबला करने वाला काम जोखिम भरा था।

3 प्रश्न संघातक युद्ध कहाँ छिड़ गया था?
उत्तर: आकाश में हवाई जहाज़ों के बीच संघातक युद्ध छिड़ गया था।

4 प्रश्न विपक्षी विमानों की क्या विशेषता थी?
उत्तर: विपक्षी विमानों की सीधे ऊपर चढ़ने की योग्यता बहुत अधिक थी।

5 क्या हुआ जब —
क) विमान दो टुकड़े होकर गिर गया।
ख) तब तक फ्लाइंग ऑफिसर ने इंजन स्टार्ट कर दिया था।

## LONG ANS. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1 प्रश्न हवाई जहाज़ उड़ान कैसे भरता है?
उत्तर: हवाई जहाज़ को हैंगर से बाहर निकालकर, धीमी गति से हवाई-पट्टी के एक कोने तक पहुँचाकर फिर पीछे की ओर मोड़ना होता है। उसके बाद रनवे की ओर मुँह करके जहाज़ के इंजन को उचित स्पीड मिल जाने पर विमान रनवे की तरफ सरकता हुआ हवा में उड़ान शुरू कर देता है।

2 प्रश्न सब देखने वाले क्या देखकर चौंक गए?
उत्तर: जब निर्मलजीत सिंह सेखों ने दुश्मन के विमान को ऊपर से गुजरते ही अपने नेट को फुर्ती के साथ मोड़ा और कुछ सैकेंड बाद उनका विमान पट्टी पर सनसनाता नज़र आया, यह देखकर सब चौंक गए।



Scanned with CamScanner

प्र 3. फ्लाइंग ऑफिसर सेखों अपने विमान को शत्रु की पकड़ से बाहर क्यों नहीं लाए?

उत्तर- क्योंकि वह वीरतापूर्वक दुश्मन के विमानों का डट कर मुकाबला करना चाहते थे।

प्र 4. फ्लाइंग ऑफिसर सेखों की असाधारण वीरता को कैसे सम्मानित किया गया?

उत्तर- उनको मरने के बाद उच्चतम वीरता का पदक "परमवीर चक्र" दिया गया। यह वायु सेना को मिला पहला "परमवीर चक्र" था।

प्र 5. निर्मलजीत सिंह सेखों को विरला रणबाँकुरा क्यों कहा गया है?

उत्तर- क्योंकि वह दुश्मन के छह आधुनिक विमानों का मुकाबला करने के लिए अपने पुराने विमान में अकेले ही ऊपर चले जाते हैं। उनके इस बहादुरी के काम के लिए उन्हें विरला रणबाँकुरा कहा गया है।

## भाषा ज्ञान

1. वर्ण विच्छेद करें

दुश्मन = द + उ + श् + म + अ + न + अ
समाप्ति = स + म + आ + प् + इ + त + अ
युद्ध = य + उ + द् + ध + अ
कुर्ती = क + उ + र + त + ई
इकट्ठे = इ + क + ट + ट् + ठ + ए

2. विलोम शब्द

संभव = असंभव
विपक्ष = पक्ष
असाधारण = साधारण
सुरक्षित = असुरक्षित
विनाश = सृजन
दुश्मन = मित्र



Scanned with CamScanner

3. समानार्थक शब्द- हिंदी तत्सम

इंतजार = प्रतीक्षा
दुश्मन = शत्रु
हमला = आक्रमण
जहाज़ = विमान
हिम्मत = साहस
हालत = दशा

4. समस्तपद लिखिए।

रण के लिए भूमि = रणभूमि
आत्म का बलिदान = आत्म बलिदान
वीर की गति = वीरगति
हवा में उड़ने वाला जहाज़ = विमान
विमान द्वारा किया गया युद्ध = संघातक युद्ध

5. प्रत्यय जोड़कर नए शब्द बनाइए।

सुरक्षा + इत = सुरक्षित
प्रकाश + इत = प्रकाशित
हर्ष + इत = हर्षित
उत्साह + इत = उत्साहित
उच्च + तम = उच्चतम
अधिक + तम = अधिकतम
न्यून + तम = न्यूनतम
कठोर + तम = कठोरतम

6. सर्वनाम चुनकर रिक्तस्थान भरें।

क) उन्होंने
ख) उनका
ग) उसे
घ) उन्हें
ङ) उसी



Scanned with CamScanner

## व्याकरण

### सर्वनाम की परिभाषा व भेद

जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं वे सर्वनाम कहलाते हैं। जैसे: तू, तुम, हम, वह आदि।

सर्वनाम के भेद सर्वनाम के छः भेद होते हैं।

1 पुरुषवाचक सर्वनाम :- मैं, वे तुम आदि
2 निश्चय वाचक सर्वनाम :- यह, वह आदि
3 अनिश्चय वाचक सर्वनाम :- कोई, कुछ, किसी आदि।
4 प्रश्नवाचक सर्वनाम :- कौन, क्या, कहीं आदि
5. संबंधवाचक सर्वनाम :- जो-वो, जैसा-वैसा आदि
6 निजवाचक सर्वनाम :- स्वयं, अपने आप आदि

उपसर्ग की परिभाषा :- जो शब्दांश किसी शब्द के आगे जुड़कर उसके अर्थ को बदल देते हैं उन्हें उपसर्ग कहते हैं। जैसे :- सु, कु, प्र, अनु आदि।

उपसर्ग शब्द निर्माण : 1-10 पेज 22

पाठ्य अनेक शब्दों के लिए एक शब्द 1-10 पेज : 42
मुहावरे 1-15. पेज : 149-150

निबंध ! समय का सदुपयोग : पेज : 184-185
2 विद्यालय का वार्षिक उत्सव : पेज : 186-187

पत्र :- विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र लेने हेतु पत्र पेज : 161
बीमारी के लिए अवकाश के लिए पत्र पेज : 160



Scanned with CamScanner

# पाठ 9 'आकाश में अकेले'

| शब्द | अर्थ |
|---|---|
| आक्रमण | हमला |
| ध्येय | लक्ष्य |
| विनाश | नष्ट करना |
| बेहतर | पहले से अच्छा |
| ड्राइव मारना | विमान को नीचे लाना |
| प्रहार | चोट |
| हैंगर | वह स्थान जहाँ विमान खड़े किए जाते हैं। |
| कदापि | कभी |
| आत्मघात | अपने आपको मारना |
| सदृश | समान |
| अकस्मात | अचानक |
| चेतावनी देना | सावधान करना |
| जाँबाज | बहादुर |
| जोखिम | खतरा |
| रणबाँकुरा | वीर योद्धा |
| संघातक | खतरनाक |
| अलबेला | अनोखा |
| क्षमता | योग्यता |
| फुनगियों | पेड़ का ऊपरी भाग |
| ध्वस्त | नष्ट |
| वीरगति को प्राप्त होना | युद्ध में मारे जाना |
| मरणोपरांत | मरने के बाद |
| अलंकृत | सजाना |



Scanned with CamScanner